दिनांक: 30 जुलाई, 2020

लोक सभा चुनाव 2019 के दौरान उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों द्वारा एकत्रित धन और व्यय का विश्लेषण

(राज्यवार रिपोर्ट)

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी- 95, सी.एल. हाउस, II फ्लोर, गौतम नगर,
नियर गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स,
नई दिल्ली – 110049
ईमेल – adr@adrindia.org ; फ़ोन- 011-4165 4200

सारांश

प्रस्तावना

- राजनीतिक दलों को अपने चुनाव खर्च का विवरण **लोकसभा चुनाव** की अंतिम तिथि से **90 दिन** के अंतर्गत और **विधान सभा चुनाव** की अंतिम तिथि से **75 दिन** के अंतर्गत चुनाव आयोग में जमा करना होता है |
- व्यय विवरण में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को प्राप्त कुल राशि (नकद, चेक और डी डी में) और दलों का खर्च विवरण (नकद, चेक, शेष बकाया राशि) होता है |
- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय (**Central Headquarter**) और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं :
    - प्रचार
    - यात्रा खर्च
    - अन्य खर्च
    - उम्मीदवारों पर व्यय
- राजनीतिक दल चुनाव घोषणा तिथि तथा चुनाव समाप्ति तिथि के बीच प्राप्त धन की सूचना इस ब्यौरे में देते हैं | **यह अवधि चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर तीन सप्ताहों से तीन महीनों के बीच हो सकती है |**
- यह रिपोर्ट मुख्यतः लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान, **उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़े** राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का खर्च और प्राप्त धन का विश्लेषण है | इन चुनावों की अवधि 75 दिन (10 मार्च 2019 से 23 मई 2019) थी |
- इस रिपोर्ट में **5 राष्ट्रीय दलों** (बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, एनसीपी और सीपीआई) और **5 क्षेत्रीय दलों** (आम आदमी पार्टी, एआईएफबी, जेडीयू, शिवसेना और समाजवादी पार्टी) पर विचार किया गया है |
- लोकसभा चुनाव 2019 के लिए, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को अपने खर्च विवरण जमा करने की आखिरी तारीख **25 अगस्त 2019** थी, जो **27 मई** से 90 दिन थी, जबकि चुनाव परिणाम **23 मई** को घोषित हो गए थे |
- राष्ट्रीय दलों में, **बीजेपी** ने अपना व्यय विवरण निर्धारित समय सीमा के **85** दिनों बाद, **कांग्रेस** ने **66** दिन बाद, **सीपीआई** ने **50** दिन बाद, **सीपीएम** ने **21** दिन बाद और **एनसीपी** ने **एक** दिन बाद चुनाव आयोग को जमा किया है | क्षेत्रीय दलों के मामले में, आम आदमी पार्टी का व्यय विवरण **35 दिनों के बाद** उपलब्ध हुआ जबकि समाजवादी पार्टी का व्यय विवरण **6 दिन** के देरी के बाद उपलब्ध हुआ था |
- लोक सभा चुनाव के लिए **आरएलडी** का चुनाव खर्च विवरण चुनाव आयोग की **वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं** है |

एडीआर की सिफारिशें

- हाल ही में, 9 कार्यकारी समूहों (जिनमें राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग के अन्य अधिकारी शामिल थे) ने चुनाव आयोग को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत किये थे, जिनके बीच यह सुझाव दिया गया था कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के लिए किए जाने वाले व्यय पर एक खर्चसीमा की आवश्यकता है | वर्ष 2015 में भी चुनाव आयोग ने कानून मंत्रालय को यह सिफारिश दी थी | एडीआर की सिफारिश है कि इस संबंध में कदम उठाये जाने चाहिए और समयबद्ध तरीके से तौर-तरीकों पर काम किया जाना चाहिए |

- सभी राजनीतिक दलों को अपने व्यय का विवरण चुनाव आयोग को निर्धारित समय सीमा के भीतर, दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत करना चाहिए | समय पर या निर्धारित प्रारूप में जो राजनीतिक दल अपने चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं करते है उनको सज़ा दी जानी चाहिए।
- उन सभी दानदाताओं की जानकारी और योगदान का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को दान राशि दी हो |
- सभी राजनीतिक दलों को वार्षिक दान रिपोर्ट कि तरह चुनाव अवधि के दौरान प्राप्त चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को जमा करना चाहिए जिससे वित्तीय पारदर्शिता और काले धन का असर कम हो |
- चुनाव आयोग द्वारा जारी किये गए पारदर्शिता दिशानिर्देशों के अनुसार, जहाँ तक संभव हो, चुनाव खर्च को चेक/डीडी/ बैंक ट्रांसफर के माध्यम से लेनदेन तक सीमित किया जाना चाहिए ताकि चुनाव में काले धन का उपयोग कम हो सके |
- जिस तरह से उम्मीदवारों के खर्च की निगरानी के लिए चुनाव आयोग के चुनाव समीक्षक होते हैं उसी तरह से राजनीतिक दलों के खर्च की निगरानी के लिए भी समीक्षक होना चाहिए।

प्राप्त धनराशि और चुनावी खर्च : राजनीतिक दल जो उत्तर प्रदेश राज्य में लोक सभा चुनाव लड़े



Fund collected and Expenditure incurred by political parties that contested in UP during Lok Sabha Elections, 2019							
Funds collected	Funds collected by		Total Funds collected (Rs in cr)	Expenditure Incurred	Expenditure incurred by		Total Expenditure incurred (Rs in cr)
	Central Headquarter	Uttar Pradesh State Units			Central Headquarter	Uttar Pradesh State Units	
By cash	44.22	0.035	**Rs 44.255 cr**	By cash	0.557	0.304	**Rs 0.86 cr**
By cheque/DD	4570.87	67.993	**Rs 4638.863 cr**	By cheque/DD	1261.085	7.722	**Rs 1268.806 cr**
In Kind	0	0.0025	**Rs 0.0025 cr**	Remaining unpaid	135.743	1.115	**Rs 136.86 cr**
Total	**Rs 4615.09 cr**	**Rs 68.03 cr**	**Rs 4683.12 cr**	**Total**	**Rs 1397.385 cr**	**Rs 9.141 cr**	**Rs 1406.526 cr**

- लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान **5** राष्ट्रीय और **5** क्षेत्रीय दलों द्वारा एकत्रित कुल धनराशि **रु 4683.12 करोड़** थी |
- एकत्र किए गए कुल धन में से, दलों ने **केंद्रीय मुख्यालय** से **रु 4615.09 करोड़** की राशि एकत्रित की जबकि दलों ने **उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों** से **रु 68.03 करोड़** की धनराशि प्राप्त की थी |
- राजनीतिक दलों ने **चेक/डीडी** के द्वारा सबसे अधिक **रु 4638.86 करोड़** इसके बाद **नकद** के रूप में **रु 44.255 करोड़** और अन्य से **रु 25,000** एकत्र किए |



- इस रिपोर्ट में विश्लेषण किए गए राजनीतिक दलों ने लोक सभा चुनाव 2019 के दौरान कुल **रु 1406.526 करोड़** खर्च किया था जिसमें से दलों ने अपने **केंद्रीय मुख्यालयों** से **रु 1397.385 करोड़** और **उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों** से **रु 9.141 करोड़** का खर्च घोषित किया था |
- राजनीतिक दलों ने **चेक/डीडी** के माध्यम से सबसे अधिक **रु 1268.806 करोड़** का खर्च दर्शाया है, इसके बाद बिना भुगतान किए शेष राशि (**remaining unpaid**) से **रु 136.86 करोड़** और **नकद** के माध्यम से दलों ने **रु 86 लाख** का व्यय घोषित किया था |



दल-वार प्राप्त धनराशि और चुनावी खर्च : राजनीतिक दल जो उत्तर प्रदेश राज्य में लोक सभा चुनाव लड़े

- **राष्ट्रीय दलों** में बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, एनसीपी और सीपीआई ने कुल मिलाकर **रु 4529.56 करोड़** की धनराशि प्राप्त की थी जबकि **क्षेत्रीय दलों** में आम आदमी पार्टी, जेडीयू, शिवसेना और समाजवादी पार्टी ने कुल मिलाकर **रु 153.56 करोड़** की धनराशि दर्शायी है | **एआईएफबी** ने अपने व्यय विवरण में कुछ भी धनराशि घोषित नहीं किया था |
- लोक सभा चुनाव 2019 के दौरान **दस राजनीतिक दलों** द्वारा एकत्र किए गए कुल धन संग्रह में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक **78.62%** यानी **रु 3682.06 करोड़** की धनराशि, इसके बाद **कांग्रेस** ने **18.02%** यानी **रु 843.92 करोड़** की धनराशि और **शिवसेना** ने **2.15%** (रु 100.595 करोड़) की धनराशि प्राप्त की थी |
- राजनीतिक दलों ने सबसे अधिक **98%** का धन **केंद्रीय मुख्यालयों** से एकत्र किया था | समाजवादी पार्टी, एनसीपी, बीएसपी और जेडीयू ने अपने व्यय विवरण में उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों से कुछ भी **धनराशि घोषित नहीं** किया है |



Party-wise Funds collected during Lok Sabha Elections, 2019			
Political Party	**Central Headquarter**	**Uttar Pradesh State Unit**	**Total Funds collected (Rs in cr)**
BJP	3650.76	31.30	Rs 3682.06 cr
INC	807.24	36.677	Rs 843.92 cr
SHS	100.59	0.0046	Rs 100.595 cr
SP	35.20	0	Rs 35.20 cr
AAP	17.71	0.002	Rs 17.712 cr
NCP	1.235	0	Rs 1.235 cr
CPI	1.473	0.046	Rs 1.52 cr
BSP	0.827	0	Rs 0.827 cr
JDU	0.054	0	Rs 0.054 cr
AIFB	0	0	Rs 0
Total	**Rs 4615.09 cr**	**Rs 68.03 cr**	**Rs 4683.12 cr**

- राष्ट्रीय दलों ने कुल मिलाकर **रु 1309.846 करोड़** खर्च किया और क्षेत्रीय दलों (समाजवादी पार्टी, शिवसेना और आम आदमी पार्टी) ने **रु 96.68 करोड़** का खर्च दर्शाया है। **जेडीयू** और **एआईएफबी** जैसी क्षेत्रीय दलों ने चुनाव लड़ने के बावजूद कोई **खर्च घोषित नहीं** किया है।

- रिपोर्ट में विश्लेषण किए गए राजनीतिक दलों के कुल खर्च में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक **54.27%** यानी **रु 763.31 करोड़,** इसके बाद **कांग्रेस** ने **34.835%** यानी **रु 489.97 करोड़** और **बीएसपी** ने **रु 55.39 करोड़** (3.94%) का खर्च घोषित किया है |
- राजनीतिक दलों ने कुल खर्च का **99%** से अधिक का खर्च **केंद्रीय मुख्यालयों** से किया था | बीएसपी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और एनसीपी ने उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों से **कोई खर्च घोषित नहीं** किया है |

Total Expenditure Incurred by Political Parties in UP during Lok Sabha Elections, 2019			
Political Party	**Central Headquarter**	**Uttar Pradesh State Unit**	**Total Expenditure (Rs in cr)**
BJP	755.17	8.14	Rs 763.31 cr
INC	488.98	0.99	Rs 489.97 cr
BSP	55.39	0	Rs 55.39 cr
SP	50.65	0	Rs 50.65 cr
SHS	38.459	0.0005	Rs 38.46 cr
AAP	7.57	0	Rs 7.57 cr
NCP	0.545	0	Rs 0.545 cr
CPI	0.622	0.0106	Rs 0.633 cr
JDU	0	0	Rs 0
AIFB	0	0	Rs 0
Total	**Rs 1397.386 cr**	**Rs 9.14 cr**	**Rs 1406.526 cr**



विभिन्न प्रमुखों के तहत कुल खर्च: राजनीतिक दल जो उत्तर प्रदेश राज्य में लोक सभा चुनाव लड़े

- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चो की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं : **प्रचार, यात्रा खर्च, अन्य खर्च और उम्मीदवारों पर व्यय** |
- इस रिपोर्ट में, जिन राजनीतिक दलों ने लोक सभा चुनाव 2019 के लिए **उत्तर प्रदेश** से चुनाव लड़ा था उन्हीं दलों का खर्च विवरण का विश्लेषण किया गया है | इन दलों ने सबसे अधिक **प्रचार** पर **रु 813.13 करोड़**, **यात्रा** पर **रु 341.68 करोड़**, **उम्मीदवारों** पर **रु 241.953 करोड़** और **अन्य खर्च** पर **रु 64.08 करोड़** का व्यय अपने चुनाव खर्च रिपोर्ट में घोषित किया है | (**अनुबंध - 1 को देखें**)

- राजनीतिक दलों ने विभिन्न प्रमुखों के तहत सबसे अधिक **रु 1403.47 करोड़ का** खर्च **केंद्रीय मुख्यालय** से किया है, जबकि **रु 57.66 करोड़** का खर्च **उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों** द्वारा किया गया है |
- व्यय के विभिन्न प्रमुखों के तहत **प्रचार** में सबसे अधिक **55.65%** और **उम्मीदवारों** पर **4.39%** का व्यय किया गया |
- राजनीतिक दलों ने अपने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के **आपराधिक ब्योरा प्रकाशित** करने के लिए **रु 28.40 लाख** का खर्च किया है |
- **जेडीयू** और **एआईएफबी** ने इन प्रमुखों के तहत कुछ भी खर्च घोषित नहीं किया है |



उत्तर प्रदेश में दलों द्वारा विभिन्न प्रमुखों के तहत खर्च

- राजनीतिक दलों ने प्रचार, यात्रा, अन्य खर्च, उम्मीदवारों को दी गयी एकमुश्त राशि और उम्मीदवारों के आपराधिक जानकारी के प्रकाशन पर कुल **रु 1461.13 करोड़** का खर्च किया है |
- विभिन्न प्रमुखों के तहत दलों ने कुल खर्च का **55.65%** व्यय **प्रचार** पर किया था, इसके बाद यात्रा पर **23.38%** और अन्य/ विविध खर्चों पर **16.56%** का खर्च दर्शाया था |
- सबसे अधिक खर्च करने वाले शीर्ष तीन दल हैं : बीजेपी - **रु 782.374 करोड़**, कांग्रेस - **रु 525.166 करोड़** और बीएसपी- **रु 55.387 करोड़** |

- **कांग्रेस** ने **प्रचार** के तहत सबसे अधिक **रु 402.918 करोड़** का खर्च दर्शाया है जो सभी राजनीतिक दलों द्वारा **प्रचार** के कुल खर्च का **49.55%** है | दूसरे स्थान पर **बीजेपी** ने **46.32%** यानी **रु 376.62 करोड़** का खर्च किया है |



Expenditure incurred by Top Five Parties under various heads during Lok Sabha Elections, 2019

- उम्मीदवारों को भुगतान के मामले में **कांग्रेस** ने सबसे अधिक **रु 35.20 करोड़** (54.93%), **बीजेपी** ने **रु 15.46 करोड़** (24.12%), **शिवसेना** ने **रु 6.55 करोड़** (10.22%), **समाजवादी पार्टी** ने **रु 5.59 करोड़** (8.72%) और **आम आदमी पार्टी** ने **रु 1.2788 करोड़** (2%) का खर्च घोषित किया है |
- **बीजेपी** और **कांग्रेस** ने ही केवल उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों के उम्मीदवारों को क्रमशः **रु 14.96 करोड़** और **रु 31.50 करोड़** का भुगतान किया था |



Lumpsum amount paid to Candidates by political parties that contested in UP during Lok Sabha Elections, 2019

- राजनीतिक दलों ने **अन्य/विविध खर्चों** पर कुल **रु 241.953 करोड़** का व्यय किया है | जिसमें से **बीजेपी** ने **88.56%** यानी **रु 214.28 करोड़**, इसके बाद **समाजवादी पार्टी** ने **रु 17.44 करोड़ (7.21%)** और **शिवसेना** ने **रु 8.903 करोड़** (3.68%) का खर्च घोषित किया है |
- अन्य/विविध व्यय के माध्यम से **कांग्रेस** और **शिवसेना** ने ही केवल उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों में क्रमशः **रु 52 लाख** और **रु 5,000** का खर्च दर्शाया है |



उत्तर प्रदेश में दलों द्वारा प्रचार-प्रसार पर खर्च

- राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान **प्रचार** पर कुल **रु 813.13 करोड़** खर्च किया था | इसमें से दलों ने **रु 803.04 करोड़** का खर्च **केंद्रीय मुख्यालयों** से तथा शेष **रु 10.09 करोड़** का खर्च **उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों** से किया गया |
- प्रचार-प्रसार के तहत, राजनीतिक दलों ने कुल मिलाकर **मीडिया विज्ञापन** पर **रु 696.80 करोड़** (85.69%) का सबसे अधिक खर्च दिखाया है | इसके बाद **प्रचार सामग्री** पर **रु 95.856 करोड़** (11.79%) और **सार्वजनिक बैठक** पर **रु 20.473 करोड़** (2.52%) खर्च दर्शाया है |
- **मीडिया विज्ञापनों** पर **कांग्रेस** ने सबसे अधिक **51.11%** यानी **रु 356.105 करोड़** का खर्च किया है इसके बाद **बीजेपी** ने **रु 327.25 करोड़** (46.96%) और **शिवसेना** ने **रु 7.255 करोड़** (1.04%) का खर्च घोषित किया है |
- **जेडीयू** और **एआईएफबी** जैसे दलों ने चुनाव लड़ने के बावजूद प्रचार के तहत कोई खर्च नहीं किया है |



Party-wise Expenditure on Publicity in Uttar Pradesh during Lok Sabha elections, 2019				
Political Party	Expenditure on Publicity			Total
	Media Advertisement	Publicity Materials	Public Meetings	
BJP	327.25	31.46	17.91	**Rs 376.62 cr**
INC	356.105	46.68	0.133	**Rs 402.918 cr**
BSP	3.023	6.558	1.559	**Rs 11.14 cr**
SHS	7.255	2.627	0.49	**Rs 10.373 cr**
AAP	2.976	3.797	0.187	**Rs 6.96 cr**
SP	0.153	4.724	0.193	**Rs 5.07 cr**
CPI	0	0.0089	0	**Rs .0089 cr**
NCP	0.04	0	0	**Rs 0.04 cr**
JDU	0	0	0	**0**
AIFB	0	0	0	**0**
Total	**Rs 696.802 cr**	**Rs 95.855 cr**	**Rs 20.472 cr**	**Rs 813.13 cr**

उत्तर प्रदेश में दलों द्वारा यात्राओं पर खर्च

- राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान **यात्रा** पर कुल **रु 341.68 करोड़** खर्च किए थे | इसमें से दलों ने **99.845%** यानी **रु 341.15 करोड़** अपने **केंद्रीय मुख्यालय** से खर्च किए तथा दलों ने **रु 52.90 लाख (0.155%)** का खर्च **उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों** से दर्शाया है |
- यात्रा खर्च के तहत, राजनीतिक दलों ने **स्टार प्रचारकों** की यात्रा पर सबसे अधिक **रु 340.137 करोड़** (99.55%) का खर्च किया, इसके बाद पार्टी के **नेताओं की यात्रा** पर **रु 1.544 करोड़** (0.45%) का व्यय किया गया था |



- विश्लेषित किए गए दलों द्वारा **स्टार प्रचारकों की यात्रा** के कुल खर्च में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक **रु 175.68 करोड़** का खर्च दर्शाया है | इसके बाद **कांग्रेस** ने **रु 86.31 करोड़** (25.38%) और **बीएसपी** ने **रु 44.217 करोड़** (12.96%) का खर्च अपने स्टार प्रचारकों पर किया है |
- दलों के **नेताओं की यात्रा** पर सबसे अधिक **बीजेपी** ने **रु 27.70 लाख** का खर्च किया है इसके बाद **कांग्रेस** ने **रु 21.78 लाख** का और **सीपीआई** ने **रु 17,000** का खर्च अपने व्यय विवरण में दर्शाया है |
- **एनसीपी**, **जेडीयू** और **एआईएफबी** जैसे दलों ने चुनाव लड़ने के बावजूद यात्रा पर कोई खर्च घोषित नहीं किया है |



Party-wise Expenditure on Travel in UP during Lok Sabha elections, 2019			
Political Party	Expenditure on Travel		Total
	Travel expenses of **Star campaigners**	Travel expenses of **Leaders**	
BJP	175.68	0.277	**Rs 175.957 cr**
INC	86.31	0.218	**Rs 86.528 cr**
BSP	44.217	0	**Rs 44.217 cr**
SP	21.5	1.05	**Rs 22.55 cr**
SHS	12.426	0	**Rs 12.426 cr**
AAP	0.002	0	**Rs 0.002 cr**
CPI	0.0017	0	**RS 0.0017 cr**
NCP	0	0	**Rs 0**
JDU	0	0	**Rs 0**
AIFB	0	0	**Rs 0**
Total	**Rs 340.137 cr**	**Rs 1.544 cr**	**Rs 341.68 cr**



अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल (चुनावी खर्च विवरण) सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज https://eci.gov.in/candidate-political-parties/expenditure-reports/expenditure-reports/ से लिया गया है |

रिपोर्ट बनाते समय डाटा की सत्यता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए चुनावी खर्च विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

लोक सभा चुनाव 2019 के दौरान सभी राजनीतिक दलों द्वारा एकत्रित धन और व्यय के विश्लेषण पर पूरी रिपोर्ट : कृपया यहाँ क्लिक करें https://adrindia.org/content/analysis-funds-collected-and-expenditure-incurred-political-parties-during-lok-sabha

राजनीतिक दलों के फंडिंग पर अन्य शोध रिपोर्टों के लिए, कृपया यहाँ क्लिक करें http://adrindia.org/research-and-report/political-party-watch

सम्पर्क

उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑर्डिनेटर

Mr. Sanjay Singh +91-94151-14151 sanjaysingh033@gmail.com	**Dr Lenin** +91-99355-99333 +91-99355-99330 lenin@pvchr.asia	**Mr. Mahesh Anand** +91-94152-33694 +91-99367-47774 gramswarajsamiti@gmail.com

नेशनल इलेक्शन वाच (NEW) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR)

Media and Journalist Helpline +91 80103 94248 Email: adr@adrindia.org	Maj Gen Anil Verma (Retd) Head - NEW & ADR +91 8826479910 anilverma@adrindia.org	Prof Jagdeep Chhokar IIM Ahmedabad (Retd) Founder Member- NEW & ADR +919999620944 jchhokar@gmail.com	Prof Trilochan Sastry IIM Bangalore Founder Member – ADR & NEW +919448353285, tsastry@gmail.com

अनुबंध - 1

Political Party	Election Expenditure	Expenditure incurred by political parties in Uttar Pradesh under various heads during Lok Sabha Elections, 2019					Total
		Publicity	Travel Expenses	Others/Misc. expenses	Lumpsum amounts paid to candidates	Expenditure incurred on publishing criminal antecedents of the candidate (s)	
BJP	Central Headquarter	366.76	175.68	214.28	0.5	0	**Rs 757.22 cr**
	Uttar Pradesh State unit	9.86	0.277	0	14.96	0.0572	**Rs 25.154 cr**
Total		**376.62**	**175.957**	**214.28**	**15.46**	**0.0572**	**Rs 782.374 cr**
INC	Central Headquarter	402.7	86.31	0	3.7	0	Rs 492.71 cr
	Uttar Pradesh State unit	0.218	0.2178	0.52	31.5	0	Rs 32.456 cr
Total		**402.918**	**86.528**	**0.52**	**35.2**	**0**	**Rs 525.166 cr**
BSP	Central Headquarter	11.14	44.217	0.03	0	0	Rs 55.387 cr
	Uttar Pradesh State unit	0	0	0	0	0	Rs 0
Total		**11.14**	**44.217**	**0.03**	**0**	**0**	**Rs 55.387 cr**
NCP	Central Headquarter	0.04	0	0	0.005	0	Rs 0.045 cr
	Uttar Pradesh State unit	0	0	0	0	0	Rs 0
Total		**0.04**	**0**	**0**	**0.005**	**0**	**Rs 0.045 cr**
CPI	Central Headquarter	0	0	0	0	0	Rs 0
	Uttar Pradesh State unit	0.0089	0.0017	0	0	0	Rs 0.0106 cr
Total		**0.0089**	**0.0017**	**0**	**0**	**0**	**Rs 0.0106 cr**
SP	Central Headquarter	5.07	22.55	17.44	5.59	0	Rs 50.65 cr
	Uttar Pradesh State unit	0	0	0	0	0	Rs 0
Total		**5.07**	**22.55**	**17.44**	**5.59**	**0**	**Rs 50.65 cr**
SHS	Central Headquarter	10.37	12.426	8.902	6.55	0.2045	Rs 38.453 cr
	Uttar Pradesh State unit	0.0025	0	0.0005	0	0	Rs 0.003 cr
Total		**10.373**	**12.426**	**8.903**	**6.55**	**0.2045**	**Rs 38.456 cr**
AAP	Central Headquarter	6.96	0.002	0.78	1.2788	0.0212	Rs 9.042 cr
	Uttar Pradesh State unit	0	0	0	0	0	Rs 0
Total		**6.96**	**0.002**	**0.78**	**1.278**	**0.0212**	**Rs 9.042 cr**
JDU	Central Headquarter	0	0	0	0	0	Rs 0
	Uttar Pradesh State unit	0	0	0	0	0	Rs 0
Total		**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**Rs 0**
AIFB	Central Headquarter	0	0	0	0	0	Rs 0
	Uttar Pradesh State unit	0	0	0	0	0	Rs 0
Total		**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**Rs 0**
Grand Total		**Rs 813.13 cr**	**Rs 341.68 cr**	**Rs 241.953 cr**	**Rs 64.08 cr**	**Rs 0.284 cr**	**Rs 1461.13 cr**